कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

E-mail :nodalofficerddn@gmail.com Phone/ Fax: 0135-2767611

पत्रांक– 410 /FP/UK/Others/44711/2020 :दिनांकः 8 अगस्त, 2022

सेवा में,

वन संरक्षक,
गढ़वाल वृत्त,
उत्तराखण्ड, पौड़ी।

विषयः– जनपद–रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत सर्जित राजकीय पॉलिटेक्निक चोपता (कुण्डादानकोट) के भवन निर्माण हेतु 2.00 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु राजकीय पॉलिटेक्निक चोपता, रूद्रप्रयाग को प्रत्यावर्तन।

सन्दर्भः–भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय, देहरादून की पत्र संख्या–8बी0/यूसीपी/09/140/2021/एफ0सी0/1373 दिनांक 27–01–2022।

महोदय,

कृपया भारत सरकार के उपरोक्त सन्दर्भित पत्र का संज्ञान लेने का कष्ट करें, जिससे भारत सरकार द्वारा विषयांकित प्रकरण में 19 बिन्दुओं पर आख्या/सूचना चाही गयी थी। उक्त के अनुपालन में वन संरक्षक, गढ़वाल वृत्त, उत्तराखण्ड पौड़ी द्वारा अपने पत्रांक 303/12–1 दिनांक 29–07–2022 से आख्या इस कार्यालय को उपलब्ध करायी गयी है। अवगत कराना है कि बिन्दु संख्या–1 एवं 14 के सम्बन्ध में उपलब्ध करायी गयी सूचना चाही गयी सूचना के अनुरूप नहीं है। उक्त बिन्दुओं की सूचना निम्नानुसार उपलब्ध कराने का कष्ट करें :–

1– बिन्दु संख्या–1 के अनुपालन में तथ्यात्मक सूचना/आख्या ऑनलाईन अपलोड करते हुये हार्ड प्रति में इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

2– बिन्दु संख्या–14 के अनुपालन में प्रकरण में हुये उल्लंघन के सम्बन्ध में विस्तृत आख्या ऑनलाईन अपलोड करते हुये हार्ड प्रति में इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

अतः उपरोक्तानुसार सूचना/आख्या इस कार्यालय को यथाशीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(एस0एस0 रसाईली)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, देहरादून।

संख्या– 410 / FP/UK/Others/44711/2020 दिनांकित।

प्रतिलिपि :–प्रभागीय वनाधिकारी, रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग को भारत सरकार के उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के क्रम में इस आशय से प्रेषित कि विषयांकित प्रकरण में उचित कार्यवाही करते हुये आख्या सम्बन्धित वन संरक्षक के माध्यम से इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि सूचना भारत सरकार को प्रेषित की जा सके।

प्रतिलिपि :– प्रधानाचार्य, राजकीय पॉलिटेक्निक चोपता, रूद्रप्रयाग को भारत सरकार के उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के क्रम में इस आशय से प्रेषित कि विषयांकित प्रकरण में वांछित सूचना सम्बन्धित वन संरक्षक/प्रभागीय वनाधिकारी के माध्यम से इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

(एस0एस0 रसाईली)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, देहरादून।

O/C